(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा पद्धति में सुधार करने के लिये सरकार द्वारा क्या-क्या प्रयास किये गये हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) ग्रामीण लोगों की चिकित्सीय सेवायें उप-केन्द्रों (3000–5000 जनसंख्या के लिये), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (20,000–30,000 जनसंख्या के लिये) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (80,000–1,20,000 जनसंख्या के लिए) के माध्यम से प्रदान की जाती है। इसके अलावा कुछ राज्य सरकारों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों को भी शामिल किया गया है ।

Non-availability of life saving medicines

2708. SHRI RAMENDRA KUMAR YADAV 'RAVI': Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some life saving medicines like "ROCALTRAL" etc. are not manufactured/marketed in the country;

(b) whether it is also a fact that the patients are facing a lot of problems due to non-availability of the life saving medicines;

(c) if so, how the patients are getting these medicines; and

(d) what are the reasons for not importing the medcines to make available to the patients?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) A large number of life saving medicines are manufactured and marketed in the country. Rocaltral is still not allowed to be marketed for want of cinical trials in the country.

(c) and (d) Do not arise.

Aids spread by Truck Drivers

2709. SHRI SHIV PRATAP MISHRA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news item that appeared in the Hindustan Times dated 18th February, 1993 under the caption 'AIDS trucked from Bombay to village' according to which AIDS is spread in villages by truck drivers and their helpers; and

(b) if so, the action Government propose to take to check the spread of this dreadful disease in villages ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) A comprehensive programme for control of AIDS is being implemented all over the country with the assistance nf the World Bank and W.H.O. with focus on creation of awareness, promotion on blood safety, control of Sexually Transmitted Diseases and better clinical management of AIDS cases without discrimination.

कृत्रिम हृदय वाल्वों का विकास

2710. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ऐसे केन्द्रों, जिनमें कृत्रिम हृदय वाल्व विकसित किये गये हैं, की संख्या और अन्य ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन कृत्रिम हृदय वाल्वों का परीक्षण किया गया है और इस संबंध में कहां तक सफलता मिली है; और

(ग) इन वाल्वों को और अधिक विकसित करने हेतु कौन-कौन से भावी कदम उठाये गये हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने सूचित किया है कि "चित्रा वाल्व" तैयार किया गया है, जो एक देशी हृदय वाल्व है, और इसे उस विभाग के अधीन श्री चित्रा तिरूनल संस्थान में विकसित किया गया है । यह सूचित किया गया है कि रोगियों में 90 ऐसे वाल्वों का प्रत्यारोपण किया गया है जिसके संतोषजनक परिणाम निकले हैं ।

(ग) वाणिज्यिक उत्पादन परिणामों की अच्छी तरह पुष्टि हो जाने के बाद ही शुरु किया जायेगा ।

Family Planning Programme

2711. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a recent study conducted by a United Nations Mission on India's family planning programme as reported in "Indian Express" of 13th February, 1993 under the caption "Apathy aborts birth control plan";

(b) whether it is also a fact that the study has revealed, serious doubts about the accuracy of Government's claim on the number of contraceptive users in the country and also the practice of giving inflated figures; and

(c) if so, what is Government's reaction in regard thereto?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) It has been recommended that one of more sample surveys be undertaken with the sample being drawn from list of names of women who are registered as having an intra-uterine device (IUD) inserted in the past 6—8 months.

(c) The State Governments have already been advised to conduct studies on continuation rates of intra uterine devices and oral pills. The performance reported by the States in monitored and evaluated through field samples checks.

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों से नवजात शिशुओं का गायब होना या बदल जाना

2712. **श्री कामेश्वर पासवान** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नवजात शिशुओं के गायब होने की घटना बढ़ती जा रही हैं जिनमें सुचेता कृपलानी अस्पताल (लेडी हार्डिंग) और सफदरजंग अस्पताल प्रमुख हैं ;

(ख) क्या उक्त घटनाओं में कोई गिरोह अन्तग्रस्त हैं ;

(ग) विगत दो वर्षों के दौरान सुचेता कृपलानी अस्पताल के प्रसूति वार्ड मे नवजात शिशुओं को गायब करने का बदले जाने के मामलों की संख्या क्या है;

(घ) यदि हां, तो ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाये ;

(ङ) क्या अस्पतालों के कर्मचारियों और स्थानीय पुलिस की इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों से कोई मिली भगत हैं ; और

(च) क्या यह सच हैं कि 25 जनवरी, 1993 को सफदरजंग अस्पताल में एक ऐसी ही घटना हुई थी तथा एक समाचार पत्र के अनसार पिछले एक वर्ष के दौरान ऐसी तीन घटनाए हुई और यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।